म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26– अरेरा हिल्स, किसान भवन जेल रोड, भोपाल

क्रमांक / म.बो. / भा.भु.यो. / 2018 / रबी–14 / 3930 भोपाल, दिनांक 28/ 05 / 2019

प्रति,

1. संयुक्त / उप संचालक (समस्त)
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
ऑचलिक कार्यालय
....

2. भारसाधक अधिकारी / सचिव
कृषि उपज मंडी समिति,
....

विषयः– मुख्यमंत्री प्याज कृषक प्रोत्साहन योजना वर्ष 2019–20 के पंजीयन फार्म मंडी समितियों में जमा करने के संबंध में।

आयुक्त, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी स्तर पर यह निर्णय लिया गया कि प्रदेश के प्याज उत्पादक किसान संबंधित जिले कि किसी भी मंडी में ई–उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन हेतु आवेदन फार्म जमा कर सकते है। उपरोक्त मंडियों में प्राप्त आवेदन फार्म संबंधित जिले की योजना के लिये अधिसूचित मंडियों में संबंधित मंडी के स्टाफ द्वारा पंजीयन हेतु जमा कराये जायेंगे। ई–उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन की समीक्षा संबंधित जिले की मंडियों के सचिव के द्वारा समन्वय की भूमिका निभाते हुये की जायेगी।

अतः उपरोक्त आधार पर प्रदेश की समस्त कृषि उपज मंडी समितियों में प्रश्नाधीन योजना के पंजीयन फार्म किसानों से स्वीकार किये जायेंगे तथा उन्हें मंडी सचिव द्वारा संबंधित जिला मुख्यालय के मंडी सचिव को सौपेंगे। प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों पर स्थित कृषि उपज मंडी समितियों या उप मंडियों (जो जिला मुख्यालय पर स्थित है) द्वारा अपने जिले के प्याज उत्पादक किसानों का योजना अन्तर्गत तत्काल प्रभाव से पंजीयन किया जाएगा।

(फैज अहमद किदवइ)
प्रबंध संचालक,
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल

क्रमांक / म.बो. / भा.भु.यो. / 2018 / रबी–14 / 3931 भोपाल, दिनांक 28/ 05 / 2019

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय भोपाल।
2. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, मंत्रालय भोपाल।
3. आयुक्त, संचालनालय, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, विन्ध्याचल भवन भोपाल।
4. आयुक्त, संचालनालय खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, भोपाल।
5. अपर संचालक (नियमन) मण्डी बोर्ड, मुख्यालय भोपाल।

Scanned by CamScanner

6. अपर संचालक / संभाग प्रभारी, (समस्त) मण्डी बोर्ड मुख्यालय भोपाल।

7. श्री मुशर्रफ, तकनीकी निदेशक, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र, भोपाल– प्रदेश की जिला मुख्यालय पर स्थित समस्त कृषि उपज मंडी समितियों को उक्त योजना अन्तर्गत किसानों के पंजीयन हेतु लॉगइन आईडी एवं पासवर्ड तत्काल उपलब्ध कराये जायें।

प्रबंध संचालक
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल

Scanned by CamScanner